प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

## नारी शक्ति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं के नीति–निर्माण और निर्णय लेने में सक्रिय भागीदारी से वर्ष 2047 तक विकसित भारत की यात्रा का दृष्टिकोण और मजबूत होगा। भारत की नारी शक्ति को लिखे पत्र में नरेंद्र मोदी ने कहा कि 16 अप्रैल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन पर चर्चा और उसे पारित करने के लिए दोबारा संसद का सत्र शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने सदन में इस विधेयक के पारित होने की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देशभर की महिलाएं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का एक अनूठा अवसर मिलने पर खुशी व्यक्त कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि 2029 के लोकसभा चुनाव और विभिन्न विधानसभा चुनाव, महिलाओं के लिए पूर्ण रूप से लागू होते हैं, तो देश का लोकतंत्र और अधिक मजबूत और जीवंत होगा।

## आंबेडकर जयंती

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेदकर की 135वीं जयंती पर आज प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य स्तरीय समारोह शिमला के अंबेदकर चौक पर हुआ, जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित अन्य गणमान्य लोगों ने डॉक्टर भीमराव अंबेदकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश का संविधान बनाने में डॉक्टर अंबेदकर ने महत्वपूर्ण योगदान दिया और उनकी कड़ी मेहनत के कारण ही भारत को अपना संविधान मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर अंबेदकर ने सारी उम्र गरीबों, वंचितों और आरक्षित वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया।

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी भीमराव अंबेदकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अंबेदकर ने संविधान बनाने के जटिल व ऐतिहासिक कार्य को पूरी निष्ठा और दूरदर्शिता के साथ पूरा किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि बचपन से ही डॉक्टर भीमराव अंबेदकर को सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा और संविधान में उन्होंने समाज के हर वर्ग को समानता का अधिकार दिया है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के प्रति वचनबद्ध है और इसके लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने सरकाघाट में एक युवती की निर्मम हत्या पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और पुलिस महानिदेशक को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि शिमला स्थित कमला नेहरू अस्पताल को कहीं भी स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है और केवल स्त्री रोग विभाग को शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि मरीज़ों की सुविधा को ध्यान में रखकर ही ये फैसला लिया गया है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि सोलन के चैस्टर हिल मामले में उपायुक्त को जांच के आदेश दिए गए हैं और तथ्यों की जांच के बाद ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदर्शन

मंडी ज़िले में सरकाघाट युवती हत्या मामले को लेकर प्रदेशभर में लोगों में खासा रोष है और विरोध प्रदर्शन जारी है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आज नाहन में विरोध प्रदर्शन कर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए। परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनीष बिरसांटा ने आरोप लगाया कि हिमाचल में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और आपराधिक

घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने राज्य सरकार से महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

———————————————————————